<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–19.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख मंत्रियों और अर्थशास्त्रियों के साथ की अहम बैठक, देश में आर्थिक विकास को गति देने पर जोर।
2. सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले पर एसटी आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी और एसपी को भेजा नोटिस, तीन दिनों में मांगी रिपोर्ट।
3. राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए की तीन शिक्षकों के नामों की अनुशंसा, केन्द्रीय जूरी इसी सप्ताह जारी करेगी चयनित शिक्षकों की सूची।
4. राजधानी रांची समेत राज्य के लगभग सभी जिलों में आज और कल बारिश की संभावना, 21 अगस्त को 11 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।
5. रांची में आयोजित 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन, झारखंड की महिला टीम बनी उपविजेता।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल वरिष्ठ मंत्रियों, सचिवों और प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ एक उच्च–स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें देश के आर्थिक विकास को गति देने पर केंद्रित भारत की अगली पीढ़ी के सुधारों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल जैसे प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

*******************

जेएलकेएम नेता सूर्या हांसदा के एनकाउंटर मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लिया है। एसटी आयोग ने राज्य सरकार को नोटिस भेजकर इस मामले में तीन दिन के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी सहित गोड्डा के डीसी और एसपी को नोटिस भेजा है।

*******************

डीजीपी अनुराग गुप्ता को उनकी नियुक्ति से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राज्य में सियासत तेज हो गयी है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है।

झामुमो ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा पर तंज कसा है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को आइना दिखाया।

इधर, भाजपा नेता शिवपूजन पाठक ने कांग्रेस और झामुमो पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि अभी यह मामला पूरी तरह से खारिज नहीं हुआ है।

*******************

राज्य सरकार ने इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार के लिए तीन शिक्षकों के नामों की अनुशंसा केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से की है। इनमें चतरा के अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय दोआरी के मनोज चौबे, देवघर के राजकीय मध्य विद्यालय अंबेडकर नगर की श्वेता शर्मा और रामगढ़ के मांडू स्थित पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल मनुआ के सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता शामिल हैं। अब केन्द्रीय जूरी के निर्णय के बाद इसी सप्ताह राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की जायेगी।

*******************

बोकारो पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और अन्य मादक पदार्थ जब्त किया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया इस सिलसिले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।

इधर, खूंटी जिले में भी पुलिस ने अवैध महुआ शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने एक एक कार से 180 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की मुहिम हजारीबाग में भी साकार हो रही है।

*******************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड के मौसम पर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 21 अगस्त के अलावा 11 और 22 अगस्त को 9 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज और कल भी राजधानी रांची समेत राज्य के लगभग सभी जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी है।

*******************

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम विजेता बनीं, जबकि झारखंड की टीम दूसरे नम्बर पर रही। उप विजेता बनने पर झारखंड की खिलाड़ी बेहद उत्साहित हैं।

*******************

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से रांची में राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। पहले दिन खेले गये मुकाबलों में रांची, खूंटी, हजारीबाग, सिमडेगा और चतरा ने अपने–अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

उधर, कोडरमा में आयोजित 25वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रांची की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। रांची के खिलाड़ियों ने 23 स्वर्ण, एक रजत और आठ कांस्य पदक जीता।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिशोम गुरु के श्राद्ध कर्म के बाद परिवार संग मुख्यमंत्री के रांची पहुंचने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– डीएनए जांच में देरी से अनुसंधान पर पड़ रहा है असर, पुलिस मुख्यालय ने कोलकाता के निजी लैब में जांच की अनुमति मांगी।

हिन्दुस्तान लिखता है– सीयूजे के ईई यौन उत्पीड़न के आरोप में किये गये बर्खास्त।

प्रभात खबर के शब्द हैं– गुरुजी क्रेडिट कार्डः निजी बैंक नहीं दे रहे सहयोग, सरकार ने की आपत्ति।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पहचान कर सभी जर्जर स्कूल किये जायेंगे ध्वस्त।

*******************